तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025

14 वेतनमान संशोधन के लिए कृषि स्नातक संघ ने किया आंदोलन

13 प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल




B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## भवन में क्षेत्र की महिलाओं के आत्म निर्भर बनने का मिलेगा अवसर

# बालोद जिले के राजाराव पठार में खुला महतारी सदन, मुख्यमंत्री साय ने किया वर्चुअल लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुर

विकासखण्ड में पहला महतारी सदन अस्तित्व में आ गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम करेंझर के प्रसिद्ध देवस्थल राजाराव पठार में नवनिर्मित महतारी सदन का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम स्थल में मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद भोजराज नाग एवं अतिथियों के द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

■ मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद भोजराज नाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की रही उपस्थिति

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी जिले के ग्राम करेली बड़ी में आयोजित महतारी सदन लोकार्पण समारोह के अवसर पर प्रदेश के अलग–अलग स्थानों में कुल 51 महतारी सदनों का वर्चुअल लोकार्पण किया जिसमे ग्राम करेंझर महतारी सदन भी सम्मिलित है। महिलाओं को रचनात्मक कार्यों को अमलीजामा पहनाने हेतु बैठक, चिंतन–मनन करने के साथ अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के संचालन हेतु महतारी सदन उपयोगी होगा। यह सर्वसुविधा युक्त है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, कांकेर सांसद भोजराज नाग, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पुर्व जिला पंचायत सदस्य, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहु, कौशल साहु, संजय साहु, यादराम साहु, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहु, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पाण्डेय, खेमलाल साहु, सहित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत में महिलाओं को स्वालंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने के अलावा सामयिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी व महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कुल 30 लाख रुपये की लागत से महतारी सदन का निर्माण किया गया है। इस नवनिर्मित महतारी सदन में 01 कार्यालय कक्ष, 01 बैठक कक्ष, 01 रसोई कक्ष तथा दुकान के लिए 01 अतिरिक्त कमरा के अलावा महिला एवं पुरूष प्रसाधनों का भी निर्माण किया गया है।



स्कूली शिक्षा, ग्राम उद्योग एवं विधि, विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राष्ट्र, समाज, परिवार एवं व्यक्ति के निर्माण में मातृशक्ति के योगदानों को रेखांकित कर उन्हें सम्मानित एवं आभार जताने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने राज्य की बागडोर संभालने के पश्चात सर्वप्रथम राज्य के माताओं और बहनों के खाते में 01–01 हजार रूपये डालने का कार्य किया है। इसके अलावा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 46 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। यादव ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 12 पर

# बड़ा पिता निकला दरिंदा, भाई की नाबालिग बेटी से किया दुष्कर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुर

मां दुर्गा की प्रतिमा दिखाने के नाम पर बच्ची के बड़े पापा ने बच्ची को जंगल में ले जाकर घिनौना काम कर दिया। जहां बच्ची से घिनौना काम करने के बाद बच्ची को गला दबाकर मारने की कोशिश की, लेकिन बच्ची मात्र बेहोश होने के कारण देर शाम उठकर पास में देवी पंडाल मे चल रहे जस गीत की आवाज को सुनकर वहां मौजूद लोगो को इसकी जानकारी दी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वही आरोपी को हिरासत में लेकर आरोपी के विरूद्ध धारा 137(2), 64(2), 65(2) (1) एवं पास्को एक्ट की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

■ घटना को अंजाम देने के बाद दबाया गला, होश आने के बाद बच्ची पहुंची दुर्गा पंडाल

मिली जानकारी के अनुसार मामला गुरुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां 9 साल की बच्ची से उसी के बड़े पापा ने रेप किया है। आरोपी बच्ची को अपने साथ दुर्गा दिखाने के बहाने स्कूटी पर जंगल ले गया। वहां दुष्कर्म कर सबूत मिटाने के लिए उसका गला

दबाकर मारने की कोशिश की। मासूम की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक बच्ची गंभीर हालत में जंगल में बेहोश हो गई थी। होश आने के बाद वह पास के पंडाल में पहुंची, जहां रोते हुए लोगों को अपने बड़े पापा की करतूत बताई। पुलिस ने आरोपी सहदेव ठाकुर 55 साल को हिरासत में ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है नवरात्रि के पहले दिन माता की कृपा से उसकी जान बच गई।

पुलिस के अनुसार, बच्ची तीसरी में पढ़ती है, सोमवार की शाम करीब 4 बजे सहदेव ठाकुर बच्ची को दुर्गा दर्शन के बहाने स्कूटी पर बैठाकर घर से निकला। वह उसे गांव से 3 किलोमीटर दूर एक जंगल में ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। सबूत छिपाने के लिए उसने बच्ची का गला दबाया, जिससे वह बेहोश हो गई। आरोपी ने उसे मृत समझकर जंगल में छोड़ दिया और घर लौट गया। शाम को जब बच्ची घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की।

बच्ची को शाम 7 बजे होश आया। जंगल के पास एक गांव में दुर्गा पंडाल से आ रहे जस गीत की आवाज सुनकर वह वहां पहुंची। रोते–बिलखते बच्ची ने ग्रामीणों को बताया कि उसके बड़े पिता ने उसके साथ गंदी हरकत की और गला दबाकर मारने की कोशिश की। ग्रामीणों ने तुरंत बच्ची के परिजनों को सूचित किया और आरोपी को पकड़कर ▶▶ शेष पेज 12 पर

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**बालोद**। पीसीपीएनडीटी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक 24 सितम्बर को दोपहर 1 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उक्त बैठक में पंजीकृत सोनोग्राफी सेंटरों का नियमित निरीक्षण, नवीन व नवीनीकरण संस्था का निरीक्षण, पीसीपीएनडी एक्ट अंतर्गत नवीन सोनोग्राफी हेतु आवेदन एवं समुचित प्राधिकारी की अनुमति अनुसार विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# नाबार्ड अधिकारी बताकर की करोड़ों की ठगी अंचल के आदिवासी किसानों को दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्ली राजहरा

ठगी का मामला प्रकाश में आया है। दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में नाबार्ड के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। खुद को नाबार्ड अधिकारी बताकर कुछ जालसाजों ने बालोद व मानपुर-मोहला-चौकी जिले के सैकड़ों गरीब आदिवासी कृषकों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपियों ने किसानों के नाम पर विभिन्न बैंकों से लाखों रुपये के लोन पास कराए और फिर उनके खातों से संपूर्ण राशि फर्जी तरीके से आहरण कर ली।

■ विधायक अनिला भेड़िया की पहल पर जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

आदिवासी कृषकों से हुई इस ठगी को गंभीरता से लेते हुए डौण्डीलोहारा की विधायक अनिला भेड़िया ने तत्काल पहल की। उनकी संवेदनशीलता और प्रशासनिक सक्रियता के चलते जालसाजों के खिलाफ थाना राजहरा में गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



### कृषकों की गुहार और विधायक की पहल

ठगी का शिकार किसान जब न्याय के लिए भटकते रहे और पुलिस कार्यवाही में देरी देखी तो वे विधायक अनिला भेड़िया से मिले। उन्होंने तुरंत इस प्रकरण को गंभीरता से लिया उनकी पहल पर थाना राजहरा में मुख्य एफआईआर दर्ज की गई, साथ ही अन्य संबंधित थानों में भी शून्य में एफआईआर दर्ज कर प्रकरण भेजा गया है। बालोद जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा किसानों को थाना राजहरा लेकर पहुंचे। दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक वे थाने में डटे रहे। एफआईआर दर्ज होने के बाद पीड़ित कृषकों ने विधायक अनिला भेड़िया की संवेदनशील पहल और रतिराम कोसमा के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### कैसे हुई ठगी?

पीड़ित कृषकों ने बताया कि जनवरी-फरवरी माह में कुछ लोग उनके गांव पहुंचे और स्वयं को नाबार्ड का अधिकारी बताकर सोलर प्लेट, बोर, फेंसिंग और ट्रैक्टर दिलाने का लालच दिया। कम ब्याज दर और 80-90% सब्सिडी का झांसा देकर उनसे खेत का पट्टा और आधार कार्ड लेकर विभिन्न बैंकों में लोन का फॉर्म भरवाया। किसानों के खाते में 5 से 12 लाख तक की राशि आई, लेकिन पूरी रकम बिना जानकारी के निकाल ली गई। जब किसानों ने तथाकथित अधिकारियों से संपर्क करना चाहा तो वे लगातार गुमराह करते रहे और बाद में मोबाइल फोन बंद कर दिया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

### महिला के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**बालोद**। पेड़ को तोड़ने की बात को लेकर महिला के साथ दो लोगों ने गाली गलौज करने के साथ महिला के परिवार के अन्य लोगों के साथ मारपीट की, इसके बाद महिला द्वारा गाली गलौज करने वाले दोनों व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम जरवाय थाना रनचिरई निवासी सरस्वती पति मुकेश बंजारे 28 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 22 सितंबर की शाम करीबन 6.30 बजे मैं अपने घर पर थी गाली गलौज की आवाज सुनकर घर से बाहर गली में आकर देखी तो गांव के मेरे पड़ोसी दयाराम पिता धन कुमार बंजारे व उसका भाई दयालू राम बंजारे हमारे घर के सामने आकर अरंडी पेड़ को क्यों तोड़ हो कहकर गाली गलौज कर रहे थे, जिसे मेरे ▶▶ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### एक्स ओए का चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** बीएसपी के एक्स आफिसर्स एसोसिएशन की बैठक और हाईटेक हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा (यूरोलॉजी) शिविर प्रगति भवन में हुआ। अध्यक्षता अध्यक्ष सरोज रंजन दास ने की। सदस्यों को ईपीएस 95 पेंशन, 1 जनवरी 2017 से संशोधित ग्रेच्युटी के लिए अदालती मामला, मेडिक्लेम, चिकित्सा विभाग के मुद्दे आदि समस्याओं पर जानकारी दी गई। ओए अध्यक्ष एनके बंछोर ने ईपीएस 95 पेंशन, मेडिक्लेम आदि की जानकारी दी। महासचिव अंकुर मिश्रा और कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू ने भी संबोधित किया। तीनों पदाधिकारियों को जीत की बधाई दी गई। शिविर मे यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन वैष्णव ने जांच की। एमडी इंडिया भिलाई इकाई के प्रभारी मोहम्मद हुसैन ने सेल मेडिक्लेम योजना 2025-26 के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला। बैठक में पूर्व ओए पदाधिकारी जेब. पाटिल, आरबी गुप्ता, पूर्व महासचिव परविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

### जीएसटी में कमी करना भाजपा की मजबूरी : वर्मा

**दुर्ग।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व महापौर आरएन वर्मा ने जीएसटी की दरों में की गई कमी को लेककर कहा कि पूरे आठ साल आम जनता को लूटा गया। छोटे एवं मध्यम व्यापारियों का कारोबार चौपट किया गया। चार सौ पार का नारा देनी वाली भाजपा मात्र दो सौ चालीस सीट में अटक गई। बिहार विधान सभा चुनाव में हार की डर से जीएसटी की दरों मे कमी की गई है। यह भाजपा का हथकंडा है। देश की जनता इसे समझ रही है। 1 जुलाई 2017 को इस गब्बर सिंह टैक्स को थोपा गया। इसका विरोध कांग्रेस हर मोर्चे पर करते रही है। विरोध आगे भी जारी रहेगा।

### नगर सेवा ने हिंदी को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

**भिलाई।** बीएसपी के राजभाषा विभाग द्वारा नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न हुई। महाप्रबंधक अतुल नौटियाल के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओँ को प्रोत्साहन देना हमारा कर्तव्य है। आज बहुत सी बोलियाँ हिंदी में अधिकाधिक कार्यालयीन कार्य करना राष्ट्र की प्रगति के लिए सहायक है। एजीएम यशवंत कुमार साहू ने बताया कि नगर सेवाएँ विभाग का अधिकतम कार्य कार्मिकों तथा बाह्य एजेंसियों से संबंधित के कारण शत-प्रतिशत पत्राचार एवं वार्तालाप हिंदी में ही किया जाता है। इस अवसर पर विभाग द्वारा हिंदी में श्रुत लेख, नारा लेखन एवं हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम केदारनाथ सोनबेर, द्वितीय श्री रमेश कुमार गुप्ता, तृतीय देवानंद चौहान रहे। श्रुत लेख प्रथम केदारनाथ सोनबेर, द्वितीय मुकुंद दास मानिकपुरी, तृतीय डॉ. उपमा शुक्ला थीं। नारा लेखन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमश अनूप कुमार सनाढ्य, केदारनाथ,सपना अवस्थी व आशीष कुमार गुप्ता ने प्राप्त किया । डीजीएम जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी यशवंत कुमार साहू ने किया।

### 40 हजार का सामान पार

**भिलाई।** फार्म हाउस में बने मकान से सारा सामान पार होने का मामला सामने आाया है। शिकायत पर पाटन पुलिस ने अपराध कायम किया है। पुलिस ने बताया कि रायपुर निवासी कमलकांत चंद्राकर बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का काम है। ग्राम लोहर्सी छोटेपारा में फार्म हाउस है। जिसकी देखभाल लोहर्सी निवासी लक्ष्मी चंद्राकर करता है। 21 सितंबर की सुबह फोन कर सूचना दिया कि फार्म हाउस में चोरी हो गया है। फार्म हाउस पहुंचने पर देखा कि फार्म हाउस में बने मकान का ताला टूटा हुआ था। सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। सामान चेक करने पर मकान से बर्तन 10 नग, म्यूजिक सिस्टम 1 नग, मिक्सी, समेत नल का टोटी 12 नग, चांदी का प्लेट 1 गायब हो गया।

अभियान

# भाजपा ने जीएसटी कटौती पर चलाया जागरूकता अभियान

## व्यापारियों और ग्राहकों के साथ जीएसटी बचत पर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा शहर मंडल ने रैली निकालकर जीएसटी में हुई कटौती और आम जनता को इस कटौती से मिली राहत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। जीएसटी बचत पर भाजपा नेताओं ने व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया। इस दौरान व्यापारियों व ग्राहकों ने भाजपा नेताओं को पुष्प भेंट कर जीएसटी बचत पर आभार व्यक्त किया।

- जीएसटी बचत उत्सव, व्यापारियों और ग्राहकों ने किया स्वागत

भाजपा ने जीएसटी बचत उत्सव मना रही है। जिसका उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को जीएसटी दरों में की गई कटौतियों की जानकारी देना और उन्हें अधिक बचत के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में बालोद भाजपा शहर मंडल के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव व शहर अध्यक्ष अमित चोपड़ा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने होलसेल व फुटकर विक्रेता, दुकानदार व अन्य व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने पुराने बस स्टैंड, घड़ी चौक, जय स्तंभ की सभी छोटे बड़े दुकानदारों से मिलकर जीएसटी में हुई कटौती व फायदे की जानकारी सभी को दी। ने व्यापारीयों एवं





ग्राहकों को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी। भाजपा प्रतिनिधिमंडल पुराने बस स्टैंड पर स्थित अग्रवाल सलेक्शन पहुंचे, वहाँ मौजूद दुकानदार व ग्राहकों से मिले, ग्राहकों ने भी जीएसटी दरों में बदलाव से मिली राहत पर संतोष व्यक्त किया। भाजपा नेता ने बताया जीएसटी में हुई प्रमुख कटौतियाँ मे 350 सीसी तक के दोपहिया वाहन मे 28 प्रतिशत लगता था जो अब 18 प्रतिशत लगेगा, जिससे हजारों रुपये की बचत होगी। 32 इंच से बड़े टीवी मे 28 प्रतिशत जीएसटी लगता था जो अब 18 प्रतिशत लगेगा, जिससे बड़ी छूट मिलेगी। घरेलू उपकरण एसी, डिशवॉशर मे 28 प्रतिशत लगता था जो अब 18 प्रतिशत लगेगा तथा महंगे उपकरण अब सस्ते होंगे। दैनिक उपयोग की वस्तुएँ साबुन, टूथपेस्ट, शैम्पू आदि मे 18 प्रतिशत लगता था, जो अब 5 प्रतिशत लगेगा, जिससे आम आदमी को राहत मिलेगी। सीमेंट मे 28 प्रतिशत लगता था जो अब 18 प्रतिशत लगेगा जिससे मकान निर्माण सस्ता हुआ। भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी परिषद द्वारा किए गए इन सुधारों से आम जनता को सीधी आर्थिक राहत मिली है। इससे न केवल ग्राहक लाभान्वित हो रहे हैं, बल्कि बाजार की गतिविधियाँ भी तेज़ हो रही हैं। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा जीएसटी बचत उत्सव एक जन–जागरूकता अभियान है। हम चाहते हैं कि हर नागरिक इन टैक्स सुधारों का लाभ उठाए और समझे कि यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रेम साहू, जिला मंत्री निशा योगी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, नगरपालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, संजय साहू, नरेंद्र सोनवानी, नीतू सोनवानी, पंकज आहूजा, समीर खान, रवि पाण्डेय, दिनेश तापड़िया, रमेश नाहटा, कमलेश गौतम, अजय बाफना, अबरार सिद्धकी, कमल बजाज, मनीष माधवानी, पिंटु जात्रे, उमाशंकर मंत्री, शशिकांत साहू, शेरु जसुजा, संजय शर्मा एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लिस्टोमोनिया में फिर पुलिस की दबिश, मैनेजर व कर्मी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सूर्यामॉल में स्थित लिस्टोमोनिया क्लब एंड किचन में शनिवार-रविवार की रात पुलिस ने दबिश दिया। पुलिस की दबिश के दौरान क्लब में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के मुताबिक देर रत क्लब में तेज संगीत के साथ शराब परोसी जा रही थी। कई युवक-युवतियां नशे में डांस कर रहे थे। पुलिस को देखते ही दर्जनों पिछले दरवाजे से फरार हो गए। पुलिस ने 15 मिनट की कार्रवाई में क्लब को खाली करा लिया।

- शनिवार–रविवार देर रात की कार्रवाई, क्लब में पिछले दरवाजे से हुए फरार

मैनेजर और कर्मचारियों को नोटिस देकर छोड़ा गया। माह भर पहले भी इसी क्लब से पुलिस और आबकारी विभाग ने 52 पेटी शराब जब्त की थी। तब कलेक्टर के आदेश पर क्लब को सील किया गया था। उन्होंने शराब परोसने का लाइसेंस एक पार्टनर के नाम पर किराए पर लेने की जानकारी मिली है। लाइसेंस का ऐसा ट्रांसफर गैरकानूनी है।

इसके अलावा क्लब में शराब और बियर के अलावा एक सिगरेट 400 रुपए में बेची जाती है। क्लब के बाहर नो-पार्किंग जोन में कारों की लंबी कतारें मिली। रायपुर और राजनांदगांव से भी युवा यहां पार्टी करने पहुंचते है। गौरतलब हो कि यहां कई धनाड्य परिवार के बिगड़े बच्चे देर रात यहां पहुंचकर पार्टी करते है। इन पर कार्रवाई भी खानापूर्ति के लिए किया जाता रहा है।

## डीयू में कम अंक पाने वाले और अनुत्तीर्ण छात्रों का हंगामा



**दुर्ग।** हेमचंद विश्वविद्यालय में सोमवार को छात्रों ने जमकर हंगामा किया। बीएससी सेकंड सेमेस्टर के करीब 50 छात्र-छात्राओं को कम अंक दिए जाने और बड़ी संख्या में अनुत्तीर्ण कर दिए जाने की शिकायत के बाद हंगामा हुआ। परिणाम से नाराज़ छात्र-छात्राओं ने परिसर में जमकर नारेबाज़ी की और पुनर्मूल्यांकन की मांग की। सूचना पर पूर्व विधायक अरुण वोरा भी मौके पर पहुंचे। स्थिति बिगड़ने पर मौके पर भारी पुलिस बल तैनात की गई। वोरा ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्रों की कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन तुरंत नहीं हुआ तो यह आंदोलन और तेज़ होगा। कुलपति डॉ. संजय तिवारी से मुलाक़ात कर वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई। कुलपति ने इस मामले में जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

# आदिवासी ग्रामों में शुरू हुआ आदि सेवा पखवाड़ा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से प्रारंभ आदि सेवा पर्व के तहत बालोद जिले के चयनित आदिवासी बहुल ग्रामों में निरंतर आदि सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोहारडीह, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खैरा, चिल्हाटीखुर्द, बैहाकुआ, भरदा लो, रेंघनी, रेंघई, बनगांव, खरथुली, नारगी, बिजोरा एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुवरबोड़, चिपरा, जाबुड़वाही, चिखली, सल्हाईटोला, अवारी, उरझे, पचेड़ा, सिंघोला, बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट, सेम्हरकोना में आदि सेवा पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान आदि सेवा पर्व के चयनित ग्रामों के लिए नियुक्त वांलटियर एवं ग्रामीणों के द्वारा आदिवासी परिवार के लोगों से घर–घर संपर्क कर एवं बैठक लेकर उनके कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा जिले के चयनित ग्रामों में नियमित रूप से रैली निकालकर एवं आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में रंगोली आदि बनाकर तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय परिवार के लोगों को आदि कर्मयोगी महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

- पखवाड़े का उद्देश्य: सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देना

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को साफ–सफाई की विशेष महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली आदि सेवा पर्व के अंतर्गत बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों से जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी सेवात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

## जेएलएन अस्पताल में रक्तदान शिविर, स्वस्थ नारी अभियान में किया जागरुक

**भिलाई।** बीएसपी जेएलएन अस्पताल द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सेक्टर-6 स्थित अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ एम., मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. सौरव मुखर्जी और डॉ. उदय कुमार ने किया।ब्लड बैंक टीम ने शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अतिरिक्त सीएमओ डॉ. निली एस. कुजुर, कंसल्टेंट डॉ. दीपक दाश मोहापात्रा की सहभागिता रही। ओपीडी परिसर में एक दिवसीय ओरल कैंसर स्क्रीनिंग हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. मनीषा कांगो ने किया।

## करेली-नवागांव की जगह नवागांव-पुरदा के बीच बना दी सड़क, जांच अब तक नहीं, बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक सोमवार को हंगामेदार रही। बैठक में 62.65 लाख रुपए की करेली से नवागांव सड़क की गड़बड़ी का मामल उठा। संचार संकर्म के सभापति जितेंद्र यादव ने इस मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि पिछली तीन बैठकों से वे इस मामले को उठाते आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री योजना की सड़क करेली से नवागांव के हुई, लेकिन बनाया नवागांव-पुरदा के बीच गया। इस 2.10 किलोमीटर की इस सड़क के गड़बड़ी के मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, न ही किसी की जिम्मेदारी तय की गई है। जबकि मामला वर्ष 2011-12 से लंबित है। पिछली बैठक में भी इस विषय को रखा गया था। जवाब प्रस्तुत नहीं होने से सदस्य नाराज हो गए और उन्होंने सामान्य सभा का बहिष्कार कर दिया। एजेंडे और पालन प्रतिवेदन को फाड़ कर हवा में लहरा दिया। इतना ही नहीं आरोप लगाया कि जिले के विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों को अपमानित कर रहे हैं। आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस विरोध का कांग्रेस समर्थित सदस्यों दानेश्वर साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, उषा सोनवानी, नोमिन ठाकुर, आशा मिश्रा ने समर्थन किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे पर सभा का सही तरीके से संचालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए बहिष्कार दिया। सभी बैठक से बाहर निकले गए। इसके बाद बैठक समाप्त कर दी गई। इससे पहले बैठक में शिक्षा, कृषि, पशु और खेल विभाग के विषयों की चर्चा हुई। सदस्यों ने कई प्रश्न लगाए, जिनका संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पाया। युक्तियुक्तकरण की अनियमितता के कारण ग्राम अगार स्कूल में एक भी शिक्षक नहीं है, जिन दो शिक्षकों को पदस्थापना दी गई है, वे कोर्ट चले गए हैं। इस वजह से वर्तमान में एक भी शिक्षक नहीं है, गांववाले सहयोग लेकर स्कूल में बच्चों को पढ़ा रहे है। यह मामला भी सदन में उठाया गया, जिसका शिक्षा विभाग के अफसरों द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इसी प्रकार नगपुरा प्राइमिरी स्कूल में एक शिक्षक की कमी है। दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने इस मामले को सदन में रखा। इस पर उन्हें आश्वासन दिया गया कि जल्द ही व्यवस्था कराई जाएगी। बता दें कि पहले भी आश्वासन दिया गया, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है।

## मर्डर के बाद श्रीराम चौक में पुलिस चौकी खोले जाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीते दिनो खुर्सीपार थाना अंतर्गत श्रीराम चौक में हुए युवक के मर्डर के बाद यहां की जनता में आक्रोश है। आप नेता चौक के लोगों के साथ सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे और दुर्ग एसएसपी से मिलकर वहां पर पुलिस चौकी खोले जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि श्रीराम चौक खुर्सीपार में अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। वहां लगे सभी सीसीटीवी कैमरे भी खराब कर दिए गए हैं। पुलिस इस पर ध्यान नहीं दे रही है। इससे वहां पर आए दिन चाकू बाजी और अन्य अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने मांग की है कि वहां पर तत्काल पुलिस चौकी खोली जाए और बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को शुरू किया जाए। पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन सौंपकर खुर्सीपार क्षेत्र में ध्वस्त कानून-व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई है। पार्टी के कार्यकर्ता खुर्सीपार निवासी जसप्रीत सिंह ने कहा है कि क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं, जिनमें हत्याएं और चाकूबाजी शामिल हैं, ने जनता के संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) का खुला उल्लंघन किया है। सार्वजनिक मैदानों पर सघन पेट्रोलिंगः नवीन कॉलेज मैदान, उडिया स्कूल मैदान, श्रीराम चौक ग्राउंड, आईआईटी ग्राउंड, बाल मंदिर ग्राउंड और पंप हाउस ग्राउंड जोन 3 सहित सभी सार्वजनिक मैदानों पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इस दौरान उनके साथ अमजद अली धर्मेंद्र चौधरी, बलविंदर सिंह अमजद अली, मेहरबान सिंह और रऊफ अंसारी लोग उपस्थित है

## प्राचार्य को चोटी, तिलक और रक्षासूत्र बांधने को लेकर टिप्पणी करना पड़ा भारी, निलंबित

**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम जेआरडी स्कूल दुर्ग की प्राचार्य एस. संगीता नायर को स्कूल शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासन को प्राप्त शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। आरोप है कि नायर द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को धार्मिक आधार पर चोटी, तिलक एवं रक्षा सूत्र आदि के संबंध में अनुचित टिप्पणियां की गईं थी। इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा केन्द्र के कार्य में केन्द्राध्यक्ष को सहयोग नहीं किया। सेवानिवृत्त व्याख्याता के अवकाश लेखा से संबंधित दस्तावेज़ों का निराकरण एवं पावती नहीं दी और विद्यालय के कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इन कृत्यों से विद्यालय एवं संकुल में असंतोष को देखते हुए शासन ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 का उल्लंघन माना। गंभीर कदाचार की श्रेणी में रखते हुए सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत कार्रवाई की। निलंबित के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक (शिक्षा संभाग) दुर्ग निर्धारित है। बता दें कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायत मिल रही है। पिछले दिनों प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के सामने ही बीजेपी के मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने अनियमितता की जानकारी दी थी।

## कांग्रेस-भाजपा भ्रष्टाचार में लिप्त जनता के बीच जाएगी आप

**दुर्ग।** आम आदमी पार्टी ने जिले के 6 विधानसभाओ में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की। बैठक में जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश महासचिव वद्दू आलम ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा ने प्रदेश में भ्रष्टाचार किया। जनता अब इसका हिसाब लेगी। आप के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर लोगों को बताएंगे कि युवा, किसान, महिला, बच्चे, बुजुर्ग, आदिवासी, दलित, ओबीसी, सामान्य सभी परेशान हैं। बैठक में सभी 6 विधानसभा के 10 प्रमुख मुद्दे, जनसमस्याओं का चयन किया गया। बैठक में सचिव देवेंद्र भाटिया, गीतेशवरी बघेल, ज्ञान तिवारी, संजय सिंह, रवि साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## पेज 11 के शेष

### बालोद जिले के राजाराव ...

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा समाज एवं परिवार के निर्माण में महिलाओं के योगदान एवं उसकी वास्तविक जरूरतों को समझते हुए राज्य के महिलाओं को महतारी सदन की सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शक्ति और भक्ति के पर्व नवरात्रि के अवसर पर ग्राम करेंझर सहित प्रदेश के कुल 51 स्थानों पर आज नवनिर्मित महतारी सदनों का लोकार्पण किया जा रहा है।

मंत्री यादव ने कहा कि ग्राम करेंझर सहित बालोद जिले को कुल 06 महतारी सदनों की सौगात मिलने वाली है। मुख्य अतिथि यादव ने लोगों को स्वच्छता अभियान एवं साफ–सफाई के पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। सांसद भोजराज नाग ने कहा देश के महिलाओं को सशक्त आत्मनिर्भर बनाने के अलावा विकशित भारत व भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में महिलाओं की भूमिका एवं योगदान को भली–भाँति समझते हुए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग की समस्या का निराकरण, पर्यावरण सुरक्षा तथा जल संरक्षण एवं संस्कृति एवं मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य महिलाओं के भागीदारी के बिना संभव नही है। समारोह में बिहान के महिलाओं जल जतन अभियान के संबंध में नुक्कड़–नाटक की प्रस्तुति दी गई। समारोह में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करने वाले महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

### बड़ा पिता निकला ...

घटनास्थल पर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही गुरुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी सहदेव ठाकुर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल करवाया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला के साथ ...

द्वारा मना करने पर गाली गलौज कर मुझसे मारपीट किये। मेरे पति मुकेश बंजारे को भी गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। उसी समय मारपीट को देखकर मेरा देवर कैलाश बंजारे आकर बीच बचाव करने लगा, तो दयाराम और दयालू राम बंजारे मेरे देवर कैलाश बंजारे को भी गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्का से मारपीट किये। मारपीट से मेरे सिर, पीठ दाहिने हाथ की कलाई में एवं मेरे पति मुकेश बंजारे के होठ तथा दयाराम बंजारे द्वारा अपने हाथ में रखे डंडा से मारपीट करने से मेरे देवर कैलाश बंजारे के बांये हाथ के कोहनी में चोट आयी है।

## पावर हाउस मार्केट की हर दुकान में पहुंचे विधायक व्यापारियों को दिए गुलाब

**भिलाई।** जीएसटी में ऐतिहासिक सुधार के लागू होने पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने पावर हाऊस के प्रमुख जवाहर मार्केट और लिंक रोड की हर दुकानों तक पदयात्रा कर संचालकों को गुलाब फूल भेंट किया। इस दौरान व्यापारियों पर कर (टैक्स) का बोझ कम होने की बधाई देते हुए विधायक ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को वस्तुएं और सेवाएं पहले से अधिक किफायती दरों पर उपलब्ध होंगी। श्री सेन ने व्यवसायियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदजी के दूरदर्शी नेतृत्व में किए गए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों ने देश की कर (टैक्स) व्यवस्था को सरल और जनहितैषी बनाया है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी इससे नई मजबूती और गति मिलेगी जो विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## खबर संक्षेप



### जपं अध्यक्ष ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने उपस्वास्थ केन्द्र ग्राम बागतराई का निरीक्षण किया गया। इसमें जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू के साथ सरपंच ग्राम पंचायत बागतराई अनिता साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति हाईस्कूल बागतराई भानूप्रताप हिरवानी, स्कूल सदस्य रामचंद पटेल, प्रतिनिधि संजय कुमार साहू, सरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर साहू, उपसरपंच सियाराम साहू, सदस्य शाला प्रबंधक समिति भुवन लाल साहू, रामू राम सार्वा, पोखन लाल साहू, सदस्य शाला प्रबंधन समिति भारती राणा, भेजूराम सार्वा उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सुनीता संजय साहू दवाई की उपलब्धता के साथ उपस्वास्थ केन्द्र की व्यवस्था का जायजा लिया व वहां उपस्थित मरीजों से चर्चा की।

### सकरौद में स्वच्छता अभियान का आयोजन



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सकरौद में मंगलवार को पंचायत भवन परिसर व गांव के अन्य जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सकरौद के सरपंच जसवंत कोसरे, उपसरपंच हेमंत साहू, अनूप देशमुख, संतोष देशमुख, पवन यादव, रीवन ठाकुर एवं युवा मोर्चा के साथी शामिल हुए।

### त्योहारी सीजन को लेकर पुलिस ने की बारों में जांच

**भिलाई।** शहर के चार बारों का औचक निरीक्षक आबकरी और पुलिस टीम द्वारा किया गया। इस दौरान थाना पदमनाभपुर, कोतवाली पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड दुर्ग में स्थित पंजाब बार,गोल्डन बार, एवन बार इसके अलावा लिस्टोमेनिया क्लब में आबकारी विभाग के साथ मिलकर स्टाक, रजिस्टर तक को चेक किया गया। साथ ही रॉक फोर्ट बार की भी चेकिंग की गई। त्यौहार को देखते हुए पुलिस, आबकारी की टीम ने चेकिंग अभियान चला रखा है। पुलिस ने त्योहारी सीजन को देखते हुए यह जांच प्रक्रिया की।

### सौरभ के भांजे और उसके दोस्तों ने की मारपीट

**भिलाई।** महादेव सट्टा के प्रोपाइटर सौरभ चंद्राकर का भांजा और उसके दोस्तों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना तेलीबांधा रायपुर क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। पुराना अपराधी अज्जू पांडे रविवार की रात जूक क्लब गया था। इस दौरान रिसाली भिलाई निवासी प्रखर चंद्राकर, पुलकित चंद्राकर और प्रेम अपने साथियों के साथ पहुंचे थे।

**मांग**

**लंबा अनुभव रखने वाले शिक्षकों को टेट परीक्षा से मुक्त रखने का अनुरोध**

# टीचर्स एसोसिएशन ने मंत्री से की मुलाकात पेंशन व पदोन्नति सहित कई मांगें रखीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



शिक्षक एलबी संवर्ग के शिक्षकों की वर्षो से लंबित समस्याओं को सामने रखते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने पूर्व सेवा गणना करते हुए पेंशन देने, केंद्र के समान 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, हाई कोर्ट के डबल बैंच के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति के लिए जनरल आर्डर करने, ई संवर्ग के प्राचार्य पोस्टिंग के लिए पहल करने, सभी संवर्ग के पदोन्नति के 28 हजार पदों पर पदोन्नति करने, लंबे अनुभव के आधार पर शिक्षक संवर्ग को टेट से मुक्त रखने आदि पर मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा।

- पूर्व सेवा गणना के आधार पर पुरानी पेंशन देने और 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने की मांग

एसोसिएशन ने बताया कि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा है कि ई संवर्ग के प्राचार्य के पदों की पूर्ति इसी माह करने का आश्वासन दिए है। संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन मे पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, अतः पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एल बी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन करने, भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन के आदेश के समान छत्तीसगढ़ में भी 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय जनरल आर्डर जारी करने, ई संवर्ग के प्राचार्य पदोन्नति का पोस्टिंग शीघ्र हो इसके लिए उच्च न्यायालय सिंगल बैंच के सुरक्षित निर्णय पर उचित पहल करने, प्राचार्य के वर्तमान में रिक्त सभी पदों के आधार पर पदोन्नति देने, व्याख्याता, पूर्व मा. प्राथमिक प्रधान पाठक व शिक्षक के रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु निर्देश जारी करने, टेट उत्तीर्ण करने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय के अनुक्रम में शिक्षकों के लंबे अनुभव के आधार पर शिक्षकों को टेट से मुक्त रखने का निर्णय लेने, व्याख्याता पदोन्नति में बीएड/ डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को समान लाभ देने, सीजीपीएफ में जमा राशि से आंशिक अंतिम विकर्षण (पार्टफाइनल) व अस्थायी अग्रिम आहरण की सुविधा देने व संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि लेखा विवरण में एरियर की राशि को जमा में काउंट नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण अंत शेष में कम राशि जमा दिखा रहा है। छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि लेखा विवरण में एरियर की राशि को भी काउंट करने का ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षा मंत्री से मुलाकात करने वालों में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नमो मैराथन का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज:बालोद



17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा दिवस' के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 24 सितंबर को सुबह 7.30 बजे से जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया, और नशा मुक्त भारत थीम पर 'नमो मैराथन' का आयोजन किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि नमो मैराथन कार्यक्रम में 18 वर्ष से कम आयु के बालक–बालिकाएं तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला, पुरुष हेतु पृथक–पृथक वर्ग बनाये गये हैं। इसमें प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये प्रदान किया जाएगा।

विजेता प्रतिभागियों को समाज कल्याण विभाग कार्यालय झलमला में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के माध्यम से पुरस्कार राशि का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4.50 किमी का नमो मैराथन जिला कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर अटल विहार कॉलोनी, शासकीय माध्यमिक शाला सिवनी, खेल मैदान, राजस्व कॉलोनी, समाज कल्याण विभाग, उद्यानिकी विभाग, कलेक्टोरेट चौक, विश्राम गृह आदमाबाद वृद्धाश्रम से होते हुए वापस कलेक्टोरेट परिसर पर खत्म होगा। उल्लेखनीय है कि नमो मैराथन का मुख्य उद्देश्य 'आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया, और नशा मुक्त भारत के संदेश को जन–जन तक पहुंचाना है। यह आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देगा, बल्कि यह युवाओं और नागरिकों को देश के विकास और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरित करेगा। इस आयोजन के माध्यम से बालोद जिला प्रशासन द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

# प्रदेश में गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित करने हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा प्रदेश में गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के संचालन के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। गौ विज्ञान परीक्षा के आयोजन का यह दूसरा वर्ष है। इसी परिपेक्ष्य में बालोद जिले में तैयारी के लिए बैठक आहूत की गई।

- छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति ने की पहल

इस बैठक में गौ विज्ञान परीक्षा के प्रदेश संयोजक सुबोध राठी, जिला सह संघ चालक राजेश्वर राव कृदत्त, बालोद जिले के गौ सेवा गतिविधि जिला संयोजक योगेश्वर यादव सहित गौ सेवक उपस्थित थे। प्रदेश संयोजक सुबोध राठी ने बताया कि गाय का विषय जन जन का विषय है। गाय हमारी माता है और माता का स्थान घर में होना चाहिए। गाय सड़कों पर होने के कारण बहुत ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही है, जिससे गौ माता घायल हो रही है। साथ ही व्यक्ति भी दुर्घटनाग्रस्त होकर काल के गाल में समाहित हो रहे हैं। गाय हमारे लिए जीवन दायिनी है, इसका संरक्षण एवं संवर्धन बहुत जरूरी है, सुबोध राठी ने कहा गौ संवर्धन, गाय के महत्व, परंपरागत एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आम जन को अवगत कराने, गाय की मानव जीवन मे उपयोगिता बताने व गाय को लेकर व्याप्त भ्रांतियां दूर करने में गौ विज्ञान परीक्षा सहायक सिद्ध होगी। गौ सेवा गतिविधि जिला संयोजक योगेश्वर यादव ने बताया गौ विज्ञान परीक्षा तीन स्तर पर आयोजित की जाएगीं, ए ग्रुप में 6वीं से 8वीं के छात्र छात्राएं एवं बी ग्रुप में 9वीं से 12वीं तक के छात्र छात्राएं एवं सी वर्ग में विश्वविद्यालय स्तर के छातशएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे। विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को जिला स्तर पर और जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को राज्य स्तर के गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल होने वाले समस्त छात्र छात्राओं को निःशुल्क गौ ग्रंथ प्रदान किया जाएगा। गौ विज्ञान परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे।

विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रात्त करने वाले प्रतिभागी को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 3100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2100 रुपए व तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 51000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 31000 रुपए व तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

# बॉल्क स्तर पर हुआ सेमीनार और बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा






इस वर्ष भी बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में किया गया। कार्यक्रम की थीम विकसित और आत्मनिर्भर भारत रखा गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाहंदा, कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहारा, सेजेस लोहारा, दुधली, खोलझर तथा अन्य विद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने नए-नए आविष्कार को सोच और मॉडल के रूप में लाने के लिए विज्ञान से संबंधित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। व्याख्याता प्रदीप मेश्राम ने कहा कि विज्ञान का काम सर्वप्रथम अंधविश्वास जैसी बुराइयों को मिटाना है, आप सभी बच्चे नए-नए आविष्कार और प्रदर्शन के माध्यम से समाज में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। विकासखंड स्तरीय स्पर्धा में नोडल सुश्री एनुका शार्वा ने प्रतियोगिता के सभी नियम, शर्ते तथा आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए बच्चों को विज्ञान से ही विकास को बताया।

सुश्री शार्वा ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 10वीं और 9वीं से 12वीं तक दो वर्गों में प्रतियोगिता में मॉडल चलित तथा स्थाई, सेमिनार, प्रोजेक्ट तथा क्विज, विज्ञान नाटिका के आयोजन के बारे में बताया। इसी प्रकार कार्यक्रम का प्रारंभ प्रोजेक्ट से हुआ, जिसमें वेनिका और विद्या, (समूह) तथा एकल प्रोजेक्ट में यामिनी डौडी लोहारा प्रथम रही। सेमीनार में चेष्टा डोंगरे प्रथम तथा चलित मॉडल सीनियर वर्ग में भूपेंद और भूपेश बालक उ माध्यमिक खोलझर और स्वच्छता और स्वास्थ्य में रागिनी साहू और साधना में नाहंदा स्कूल के छात्रों का प्रथम स्थान रहा। कुल 8 मॉडल का प्रदर्शन विद्यार्थियों ने किया। दिव्यांशु देशमुख तेजस दूधली ने गणित मॉडल में प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार गरिमा सिंह एवं साथी ने सीमा सुशील जामवंते के मार्गदर्शन में विज्ञान नाटिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये बच्चे आगामी भविष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन और बच्चों की सहभागिता को देखते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा और सहायक विकासखण्ड आधिकारी आश्विन साहू और कार्यालयीन कर्मचारी पवन मालेकर ने शुभाशीष प्रदान किया है।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद।** सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा है को चरितार्थ करते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के जूनियर्स द्वारा जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान का आयोजन गंगा मैया मंदिर झलमला बालोद में मंगलवार को किया गया।

बालोद जिला रेडक्रॉस बालोद के चेयरमेन डॉ प्रदीप जैन ने बताया 17 से 2 अक्टूबर के बीच सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया है, जिसके तहत आज गंगा मैया प्रांगण में जिले भर के डेढ़ सौ वालेंटियर ने गंगा मैय्या मंदिर परिसर की साफ सफाई कर दुकानदारो को आसपास स्वच्छता रखने की अपील की। जिले से आए सभी बच्चों को प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण दिया गया। उसके पश्चात तोमन साहु राज्य चेयरमेन रेडक्रास के अगुवानी में बालोद जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आए शिक्षा मंत्री का स्वागत गंगा मैय्या प्रांगण में किया गया। रेडक्रास की बालिकाओं ने मार्चिंग करते हुए मंत्री को मंदिर के मुख्य दरवाजे तक सम्मान के साथ लेकर आएं, जहां पर रेडक्रास के चेयरमेन डॉ प्रदीप जैन, वाइस चेयरमैन कमला वर्मा, कोषाध्यक्ष रूप नारायण देशमुख, बीईओ बालोद मोहिनी यादव, जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार, रोहित देशमुख, झग्गर देवांगन, रमेश हिरवानी, सीमा सुशील जामवन्ते, गायत्री साहू, कादम्बिनी यादव, हुमेश साहू, अभय साहू, नरेंद्र यादव, मनमोहन धाकड़, शिवेंद्र बहादुर, रौशनी साहू, राजेश वर्मा, शाम के तारम, हंसा सुखदेवे, हेमन्त साहू, चन्द्रलेखा ठाकुर, एचके साहू, जितेंद्र गजेन्द्र, अश्वनबारले, प्रबंध समिति एवं आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला रेडक्रास के चेयरमैन ने बालोद जिले की गतिविधियां से मंत्री को अवगत कराया।

# प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद





राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष भी छात्र–छात्राओं के लिए बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

- आत्मानंद में आयोजित हुई बॉल्क स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी

इसी के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में विकासखंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सहयोग एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सौजन्य से किया गया। विभिन्न विज्ञान प्रतियोगिताओं विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज, प्रोजेक्ट, विज्ञान नाटिका का विषय सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकी, मनोरंजनात्मक गणित मॉडल, स्वास्थ्य और स्वच्छता, जल संरक्षण और प्रबंधन पर आधारित था। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा एवं क्षमता को प्रोत्साहित करना है, ताकि उन्हें नवाचार एवं सृजनात्मक वातावरण का लाभ मिल सके। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहिनी यादव ने कहा कि विज्ञान को समझने की दक्षता प्रयोग कार्यों से ही संभव है। उसके अनुप्रयोग, सिद्धांत को व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद के छात्र छात्राओं ने विज्ञान सेमिनार प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना विषय में लीना साहू एवं जिज्ञासा देवांगन, विज्ञान मॉडल में स्मार्ट एग्रीकल्चर में कृतिका साहू, स्मार्ट प्लास्टिक सॉल्यूशन मुस्कान साहू, लाइ फाइ टेक डॉली साहू, स्मार्ट व्हीलचेयर मयंक सोनी, ईएमपी हर्ष यादव, मेलोडी बॉक्स निखिल साहू डेंटल, स्मार्ट टॉयलेट फ्लश यशदीप सिंह, वॉटर प्यूरीफायर सिस्टम देव कुमार साहू तथा विज्ञान नाटिका में तुषार गांवरे, भीष्म यादव, डिमेश्वर, वेदव्यास, प्रियांशी, हासिनी, खुशबू, कुसुम लता, व्यक्तिगत प्रोजेक्ट में ताम्रध्वज, टीम प्रोजेक्ट में आदर्श यादव एवं तुषार, विज्ञान क्लब में पामेंद्र कुमार, पेमेश्वर, डिंपल, बरखा प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल में हरित ऊर्जा का प्रदर्शन झलमला के छात्र गेशु ने किया। प्रश्न मंच में शासकीय बुनियादी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाररास की छात्र डिलेश्वरी, भूमिका प्रथम तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बालोद की छात्र ईशा कुर्रे, तारिणी द्वितीय स्थान पर रहे। उक्त प्रतियोगिता का संचालन पंकज सोनी, अर्चना साहू, कुमुदिनी साहू एवं नीलम पांडे ने किया।

**सीईओ ने कहा जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी**

# पंचायतों में सचिवों की मनमर्जी, कई गांवों में दफ्तर ही नहीं खुल रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर



पंचायतों में सचिवों की मनमानी चल रही है। सचिव बिना बताए कार्यालय से नदारद रहते हैं। कई पंचायत में तो दिनभर ताला भी नहीं खुलता। इससे ग्रामीण भटकतें रहते है। सरपंच भी लाचार है।

सोमवार को विकासखण्ड में क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कुछ ऐसा ही दृष्य देखने को मिला। ग्राम पंचायत धनेली में सचिव मनीष कुमार ठाकुर दिनभर पंचायत नहीं आए। यहां पंचायत का शुल्क जमा करने लोग भटकते दिखे। पंचायत प्रतिनिधियों को भी नहीं मालूम था कि सचिव अवकाश पर है।

मनीष ठाकुर ने कहा कि मैं आज अवकाश पर हूं। जनपद कार्यालय को लिखित आवेदन किया हूं, लेकिन जनपद कार्यालय में किसी भी जिम्मेदार को मनीष ठाकुर के अवकाश पर रहने की जानकारी नहीं थी। सरपंच बालमुकुंद निषाद ने कहा कि सचिव के अवकाश पर रहने के संबंध में जानकारी नहीं है। एक हितग्राही के कागज में हस्ताक्षर कराने के लिए जब फोन किया तब उसके अवकाश में होने की जानकारी हुई। इसी तरह पंचायत बोड़रा के कार्यालय में भी ताला लगा था। रोजगार सहायक व ग्रामीण सभा कक्ष में बैठकर कार्य कर रहे थे। यहां बसंता बाई नाम की 65 वर्ष की महिला मिली, उन्होंने बताया वह दो बार पंचायत आ चुकी है। बैंक के कागज में सचिव का हस्ताक्षर कराने है। बसंता बाई के पति की मृत्यु हो गई थी। पति के नाम से बैंक में जमा राशि निकालने के लिए सरपंच सचिव के हस्ताक्षर वाले कागज की मांग बैंक ने की थी। इसलिए बसंता बाई भटक रही थी। बसंता बाई ने कहा पैदल चलकर थक गई है, लेकिन सचिव मिलता ही नहीं है। सरपंच टिकेश्वरी सिन्हा ने कहा कि सचिव एक सप्ताह से नहीं आ रहा है। हम सभी सचिव के नहीं आने से परेशान है। सचिव का मोबाईल नंबर बंद था, जिससे उनसे बात नहीं हो सकी।

ग्राम पंचायत डांडेसरा में दोपहर 2 बजे तक पंचायत में ताला लटक रहा। यहां किसी से कोई बात ही नहीं हो सका। इसकी जानकारी जब सीईओ को दी गई तब तीन बजे के बाद कार्यालय का ताला खुला पर सचिव फिर भी नहीं मिला। मामले में जनपद पंचायत सीईओ उमेश रात्रे ने कहा कि सचिवों की कार्यालयीन अवधि में अनुपस्थिति गंभीर लापरवाही है। मामले में जांचकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



